दैनिक

# नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्षः17 | अंकः 345 | देहरादून, शनिवार 14 जून, 2025 | पृष्ठः08 | मूल्यः1/रु. प्रति




पेज-08

## न्यूज डायरी

### विमान हादसे में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्ति की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा देश और विश्व के लिए अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। राज्य सरकार की संवेदनाएं इस दुःख की घड़ी में मृतकों के परिवारजनों के साथ है।

### हाथी की मौत मामले में ट्रेन के चालक दल के खिलाफ केस दर्ज

**पौड़ी।** कोटद्वार से क्षेत्रांतर्गत जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की टक्कर से हाथी के मौत होने के मामले में ट्रेन के दो सदस्यीय चालक दल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वही रेलवे ने भी घटना की विभागीय जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बीते सोमवार को 3:35 बजे कोटद्वार से दिल्ली के लिए सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस कोटद्वार सीमा से कुल डेढ़ किमी के फासले पर रेलवे के किलोमीटर संख्या 20–21 के बीच पहुंची थी तभी रेलवे ट्रैक को क्रॉस करने के दौरान हाथी ट्रेन की चपेट में आ गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए डीआरएम राजकुमार ने कोटद्वार पहुंचकर घटना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं के संबंध में जानकारी ली तथा उन्होंने वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए एहतियात बरतने के आदेश दिए।

# भारत सरकार निर्देशित सुधार कार्यक्रमों को तेजी से लागू करेंः मुख्य सचिव आंनद बर्धन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत सरकार द्वारा निर्देशित सुधार कार्यक्रमों को तेजी से लागू करें ताकि एसएएससीआई स्कीम से प्राप्त धनराशि का राज्य के समुचित विकास में उपयोग किया जा सकें।

मुख्य सचिव राज्य को इस वित्त वर्ष अनटाइड फंड से 615 करोड़ रुपए की धनराशि मिलनी तय मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में पूंजीगत निवेश हेतु राज्य को विशेष सहायता के लिए योजना 2025–26 की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में एसएएससीआई स्कीम की टाइड और अनटाइड दोनों तरह के मद से संचालित विकास कार्यों पर व्यापक चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि भारत सरकार द्वारा निर्देशित सुधार कार्यक्रमों को तेजी से लागू करें ताकि इसके अंतर्गत विकास कार्यों के लिए प्राप्त होने वाली धनराशि का राज्य के हित में समुचित उपयोग किया जा सके। उन्होंने खनन, परिवहन, शहरी विकास, आवास, वित्त, परिवहन, राजस्व, कृषि विभाग इत्यादि विभागों को एक सप्ताह में एसएएससीआई



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पूंजीगत निवेश हेतु राज्य को विशेष सहायता के लिए योजना 2025-26 की समीक्षा बैठक**

स्कीम के कार्यों का रोड मैप और कार्य योजना विद टाइमलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य अधिक महत्व के हैं तथा जो कार्य शीघ्रता से पूरे किए जा सकते हैं ऐसे कार्यों को प्राथमिकता से लेना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि जिन विभागों ने स्कीम के तहत विकास कार्यों को पूरा कर लिया है वे तत्काल उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने खनन सेक्टर के रिफॉर्म के लिए खनन विभाग को निर्देशित किया कि माइनर मिनरल्स पॉलिसी निर्माण, दुर्लभ और परमाणु संयंत्र के लिए उपयोगी खनिज के सर्वे, स्टार रेटिंग सिस्टम तथा माइनर मिनरल्स ब्लॉक के ऑक्शन इत्यादि में तेजी से अग्रिम कार्रवाई करें।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

# पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने किये भगवान बदरीविशाल के दर्शन

**चमोली।** पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत श्री नृसिंह मंदिर ज्योर्तिमठ में दर्शन के पश्चात बीते कल बृहस्पतिवार देर शाम को श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे।शुक्रवार सुबह भगवान बदरीविशाल की महाभिषेक पूजा में शामिल हुऐ। उनके साथ बीकेटीसी के दोनों उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती तथा विजय कपरवाण भी अभिषेक पूजा में शामिल हुए। दर्शन पूजा के पश्चात बीकेटीसी उपाध्यक्षों ने पूर्व मुख्यमंत्री को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद एवं अंगवस्त्र भेंट किया। इस मौके पर पूर्व



मुख्यमंत्री ने बीकेटीसी द्वारा की गयी यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की। कहा कि प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों की सेवा में तत्पर है।

इस अवसर पर बीकेटीसी पूर्व उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, अजीत भंडारी, योगंबर नेगी, अमित पंवार, हरीश जोशी, हरीश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# एशियाई विकास बैंक सहायतित टिहरी झील एरिया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में एशियाई विकास बैंक सहायतित टिहरी झील एरिया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परियोजना निदेशक द्वारा टिहरी झील एरिया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट से संबंधित चौथी एचपीसी बैठक के निर्देशों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई, साथ ही वर्तमान में गतिमान 19 उप प्रोजेक्ट की स्टेटस रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। मुख्य सचिव ने गतिमान निविदा प्रक्रिया से संबंधित



बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव।

प्रकरणों एवं उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने टिहरी लेक एरिया डेवलपमेंट के कार्यों टूरिज्म रोड, डेवलपमेंट आफ डोबरा चांटी पार्क, अपग्रेडेशन ऑफ तिवाड़ गांव, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इत्यादि की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए संतोष व्यक्त किया और तेजी से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में किसी भी प्रोजेक्ट का कंपलीट ग्राउंड सर्वे करने के पश्चात ही डीपीआर तैयार करें ताकि प्रोजेक्ट के सभी पहलू सम्मिलित हो जाए और प्रोजेक्ट की बाद में लागत में बढ़ोतरी की संभावना भी ना रहे। प्रोजेक्ट उप प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि कार्य पूरा होने के पश्चात उसका नियमित तरीके से बेहतर संचालन भी होता रहे। मुख्य सचिव ने टिहरी एरिया के डेवलपमेंट से संबंधित अब तक विभिन्न एजेंसी द्वारा समय–समय पर किए गए कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सचिव पर्यटन को टिहरी झील और उसके आसपास के क्षेत्र को वर्ल्ड लेवल का टूरिस्ट हब डेस्टिनेशन बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, सचिव वी. षणमुगम, परियोजना निदेशकध्अपर सचिव अभिषेक रोहेला, वित्त निदेशक जगत सिंह चौहान, सहायक प्रोजेक्ट निदेशक राजेश पंत, सिविल इंजीनियर भवन एवं अवसंरचना कपिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# संपादकीय

## पूरा यरूशलम धमाकों की आवाज से गूंजा

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर युद्धक विमानों और तस्करी करके लाए गए ड्रोनों से भीषण हमले किये जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर बड़ी संख्या में मिसाइलें दागीं। इजराइल ने कहा कि इससे पहले ईरान परमाणु हथियार बना पाता ये हमले जरूरी थे। इजराइल के हमले के बाद ईरान ने शुक्रवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिससे यरुशलम और तेल अवीव के ऊपर आसमान में विस्फोट हुए। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमले के बाद देशभर में हवाई हमलों के प्रति आगाह करने वाले सायरन बज उठे। पूरे यरूशलम में धमाकों की आवाज सुनी जा सकती थी। इजराइली टेलीविजन चौनलों ने ईरान के मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव में धुएं का गुबार उठने के दृश्य प्रसारित किए। इस हमले में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। इजराइली सेना ने कहा कि देश में दर्जनों मिसाइल दागी गई हैं। उसने देश भर के निवासियों को सुरक्षित स्थलों में जाने का आदेश दिया है। शनिवार सुबह यरुशलम के ऊपर आसमान में सायरन और धमाकों की आवाजें फिर सुनाई दीं जो इस बात का संकेत देती हैं कि ईरान ने फिर से हमला किया है। हमलों के बीच इजराइली सेना ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों में जाने का आग्रह किया है। ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाली ईरानी वेबसाइट 'नूर न्यूज' ने कहा कि नए हमले शुरू किए गए हैं। तेल अवीव में 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों ने कम से कम दो ईरानी मिसाइलों को जमीन पर गिरते देखा। ईरान की तरफ से दूसरे दिन किए गए हमलों में घायल हुए सात लोगों का तेल अवीव के एक अस्पताल में इलाज किया गया। घायलों में एक की हालत गंभीर है। इजराइल की अग्निशमन और बचाव सेवाओं ने कहा कि प्रक्षेपास्त्र के एक इमारत से टकराने के कारण ये लोग घायल हुए। इस बीच, शनिवार आधी रात के बाद मध्य तेहरान में विस्फोटों और ईरानी हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा लक्ष्यों पर की गई गोलीबारी की आवाजें गूंजने लगीं।

# मुख्य सचिव ने परियोजनाओं की प्रगति को तेजी से बढ़ाने के दिए निर्देश




मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में यूआईआईडीबी (उत्तराखंड इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड) की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में यूआईआईडीबी द्वारा संचालित ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित 25 परियोजनाओं पर व्यापक विचार–विमर्श किया गया। ऋषिकेश के विकास की ये महत्वपूर्ण परियोजनाएं रिवर राफ्टिंग डेवलपमेंट, डेवलपमेंट ऑफ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, आस्था पथ, पार्किंग डेवलपमेंट, संजय झील रि डेवलपमेंट, वाटर सप्लाई, चारधाम यात्रा मैनेजमेंट, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर, सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर, कांवड़ यात्रा मैनेजमेंट, भीड़ प्रबंधन, सड़क चौड़ीकरण, ब्रिज निर्माण, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटेशन, घाटों के विस्तार और सौंदर्यीकरण से जुड़ी हुई हैं। मुख्य सचिव ने परियोजनाओं की वर्तमान स्टेटस रिपोर्ट प्राप्त करते हुए इसकी प्रगति को तेजी से बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को नदियों के ब्रिज, सड़क चौड़ीकरण और क्रॉस रिवर ब्रिज निर्माण संबंधित कार्यों पर अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए।

संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना से संबंधित जिस स्तर पर भी कार्य करना अपेक्षित है उसकी प्रगति में तेजी लाएं। सभी निर्माण कार्यों में पब्लिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तेजी से और पारदर्शिता से पूरा करने को निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने कांवड़ यात्रा मैनेजमेंट के दृष्टिगत महत्वपूर्ण साबित होने वाले देहरादून के माजरी ग्रांट और हरिद्वार के हरिपुर कलां को कनेक्ट करने वाले रूट का विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिए। ताकि कांवड़ यात्रा और भी बेहतर तरीके से संचालित हो सके। मुख्य सचिव ने परियोजना के डिजाइन और इंप्लीमेंटेशन को इस तरह से धरातल पर उतारने को कहा कि ऋषिकेश एक व्यवस्थित, जाम मुक्त, सुगम मोबिलिटी युक्त और बेहतर निकासी वाला शहर उभरकर सामने आए।

# जब सईंयाँ भए कोतवाल, अब डर काहे का-भारत के वैश्विक जीरो टॉलरेंस आतंकवाद मुहिम को झटका?



## पाक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दोहरी जिम्मेदारी मिलना भारत की कूटनीतिक हार? या आतंकवादरोधी मुहिम को झटका?

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ के देशों की गुटबाजी, छोटी–छोटी बातों पर घमासान,व एक दो देशों का वैश्विक लीडर बनने की चाहत से, कहीं विश्व का माहौल तो बिगड़ नहीं रहा है?क्योंकि रूस यूक्रेन इसराइल हमास थाईलैंड कंबोडिया भारत पाकिस्तान व अमेरिका ईरान कुछ खाड़ी देश तो इधर साउथ व नॉर्थ जापान सहित अनेको देशों के विवाद चल रहे हैं,मेरा मानना है कि कुछ छोटे देशों के पीछे कोई ताकत जरूर होगी जो उसे उकसा रही है या लड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है,

अभी हाल ही में यूक्रेन द्वारा रूस में करीब 5000 किलोमीटर अंदर घुसकर ड्रोन हमलों से पांच एयरबेसों व एक बड़ी पुल तबाह करना मामूली बात नहीं है, इसके पीछे कौनसी ताकत है, हम सब जानते हैं!आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 4 जून 2025 को देर शाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान को यूएनएससी आतंकवादरोधी समिति का उपाध्यक्ष व तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष बना दिया है, जिस पर भारत सहित पूरी दुनिया भौचकी रह गई है,यानें अब सईंयाँ भए कोतवाल तो अब डर काहे का?जिनको इस कहावत का अर्थ न मालूम हो वह जान लें कि इसका मतलब है कि जब घर का ही कोई आदमी पुलिस, प्रशासन या सरकार में अच्छे ओहदे पर हो तब आप नियम, कानून को ठेंगा दिखा कर कुछ भी पा सकते हैं।

बता दें अभी अमेरिका ने दो दिन पूर्व ही 12 देशों की परमानेंट व 6 देशों की आंशिक लिस्ट जारी की है जो अमेरिका में नहीं जा सकते, मीडिया के अनुसार उसमें पाकिस्तान का भी नाम था पर एन मौके पर अंत में उसका नाम काट दिया गया और फिर आज नई लिस्ट जारी कर दी गई, दो समितियों के उच्च पोस्ट पर पाकिस्तान की नियुक्ति पर मैं खुद हैरान हूं।चूँकि पाक को यूएनएससी के दो आतंकवाद रोधी समितियों का अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद देना वैश्विक आतंकवादरोधी ढांचे की विश्वसनीयता पर चिंता का विषय है,तथा पाक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दोहरीजिम्मेदारी मिलना भारत की कूटनीतिक हार?या आतंकवादरोधी मुहिम पर झटका है?इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,जब सईंयाँभए कोतवाल तो अब डर काहे का?भारत के वैश्विक जीरो टॉलरेंस आतंकवादरोधी मुहिम को झटका?पाकिस्तान को यूएनएससी आतंकवादीरोधी समिति का उपाध्यक्ष व तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष चुना गया!

साथियों बात अगर हम पाक को संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए दो महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त करने की करें तो, आतंक फैलाने वाले पाक को यूएनएससी में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है पाक को मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तालिबान प्रतिबंध समिति को 1988 समिति के तौर पर भी जाना जाता है। और आतंकवादरोधी समिति का उपाध्यक्ष भी बनाया गया है। दरअसल, पाक फिलहाल दो सालों के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति का अस्थायी सदस्य है, अब उसे इसकी दो समितियों में जगह मिली है,यूएनएससी की आतंक–विरोधी समिति का क्या महत्व है?सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र के छह अहम अंगों में से एक है, इस परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय स्तरपर शांति और सुरक्षा बनाए रखना है, इसके कुल पांच स्थायी और दस अस्थायी सदस्य हैं।स्थायी देशों की सूची में अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन का नाम शामिल है,बाकी के दस अस्थायी सदस्यों का चुनाव संयुक्त राष्ट्र महासभा करती है, ये चुनाव दुनियाँ के अलग–अलग हिस्सों को प्रतिनिधित्व देने के हिसाब से तय किया गया है, जैसे–अफ्रीकी और एशियाई देशों के लिए पांच सीटें तय हैं और एक सीट पूर्वी यूरोपीय देश के लिए, दो सीटें लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के लिए रिजर्व हैं,वहीं एक–एक सीट पश्चिमी यूरोपीय और किसी दूसरे क्षेत्र के देश को दी जाती है। बात आतंक–विरोधी समिति की करें तो ये समिति सीधे तौर पर वैश्विक आतंकवाद, चरमपंथ और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हैं।

साथियों बात अगर हम अपनी नियुक्ति पर पाक पीएम की प्रतिक्रिया की करें तो,पाक इन नियुक्तियों को एक बड़ी जीत के रूप में पेश कर रहा है,पाक पीएम ने कहा है कि ये उनके देश के लिए बहुत गर्व की बात है, उन्होंने एक्स पर किए एक पोस्ट में लिखा है,संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में महत्वपूर्ण नियुक्तियां प्रमाणित करती हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की आतंकवाद–रोधी कोशिशों पर पूरा भरोसा है, वो इस बात को स्वीकारते हैं कि हम इस वैश्विक ख़तरे को मिटाने के लिए मजबूती और अटूट प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं,आगे कहा कि पाक उन देशों में से एक है जो आतंकवाद से सबसे अधिक पीड़ित हैं, आतंकवाद के कारण अब तक देश में90,हजार लोगों की जान जा चुकी है, देश को 150 बिलियन डॉलर से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हो चुका है, इस संकट से लड़ने में पाकिस्तान का बलिदान अद्वितीय रहा है,ऐसी ही मिलती–जुलती बातें पाक के उप–प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पूर्व विदेश मंत्री जैसे नेताओं ने भी की हैं, पर भारत ने इसे लेकर खासी आपत्ति जताई है।


अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जब सईंयाँ भए कोतवाल,अब डर काहे का–भारत के वैश्विक जीरो टॉलरेंस आतंकवाद मुहिम को झटका?–पाक कोयूएनएससी आतंकवादरोधी समिति का उपाध्यक्ष व तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष चुना गया,पाक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दोहरी जिम्मेदारी मिलना भारत की कूटनीतिक हार? या आतंकवाद विरोधी मुहिम को झटका?पाक को यूएनएससी के दो आतंकवादी विरोधी समितियों का अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद देना, वैश्विक आतंकवादरोधी ढांचे की विश्वसनीयता पर चिंता काविषय है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर देहरादून में आयोजित हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस'' के अवसर पर उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा होटल सैफरॉन लीफ, जीएमएस रोड, देहरादून में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल श्रम की बढ़ती समस्या के प्रति जनजागरूकता लाना और इससे जुड़े कानूनी व सामाजिक उपायों की समीक्षा करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके उपरान्त कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का परिचय करते हुए शॉल व पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सचिव डॉ शिव कुमार बरनवाल द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस की पृष्ठभूमि व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में उपस्थित व्यापार मण्डल के



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

पदाधिकारीगण, डी0पी0ओ0, श्रम विभाग और गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर अवगत कराया गया कि राज्य में हुई जनगणना से संज्ञान में आया है कि पूर्व से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल श्रम में कमी आई है। जिला टास्क फोर्स द्वारा किए गए सक्रिय प्रयासों की सराहना की गई। साथ ही निरंतर जांच, बाल तस्करी, धर्मांतरण पर कार्यवाही हेतु कहा गया। उन्होंने बताया कि कैसे यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा देता है।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना द्वारा कार्यशाला को संबोधित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित व्यापार मण्डल, फिक्की फलों, सीआईआई व उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। अवगत कराया गया कि बच्चों के मध्य किसी भी तरह का भेदभाव किए बिना उनके साथ एकरूप व्यवहार किया जाना चाहिए। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (आईएलओ) की जानकारी दी। जिला टास्क फोर्स के कार्यप्रणाली, अभिभावकों व समाज, उद्योगपतियों को बाल श्रम मुक्त भारत बनाये जाने पर जोर दिया। भारतीय विधि में चाइल्ड एण्ड एडोलिसेंट एक्ट, 2016, जुवेनाईल जस्टिस, 2015, भारतीय न्याय संहिता, 2025, बोंडेड लेबर एबोलिशन एक्ट, 1976, आर0टी0ई0 एक्ट, 2009 से अवगत कराया तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, उनकी सुरक्षा का वातावरण प्रदान करने, बालिकाओं पर शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित करने, बच्चों को अवसाद से मुक्त करने, उन्हें फर्श से अर्स की ओर अग्रसर करने, मिलकर कार्य करने, हाथ के हुनर सिखाने, बौद्धिक ज्ञान आदि पर जोर दिया।

## नहाते समय नदी में डूबा सेना का जवान

**चमोली।** नंदाकिनी नदी मे नहाते समय सेना का एक जवान डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी, मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जिसके बाद जवान का शव बरामद कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार सांगोला के पास नंदाकिनी नदी में कुछ लोग नहाने आए थे, तभी वहां नहाते समय 24 साल का युवक डूब गया. बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद युवक के दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन वो इसमें कामयाब नहीं हो पाए. दोस्तों ने सेना के जवान के डूबने की खबर तत्काल पुलिस को दी। नदाकिनी नदी में डूबे सेना के जवान की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरु कर शव बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि युवक 20 गढ़वाल में तैनात है। जो साल 2019 में ही भर्ती हुआ था। फिलहाल वह छुट्टी पर घर आया हुआ था।

## स्वास्थ्य विभाग में दूसरे दिन 51 चिकित्सकों के तबादले, डॉ. रश्मि पंत बनीं प्रभारी निदेशक एनएचएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड सरकार ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में एक बार फिर बड़े स्तर पर चिकित्सकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। विभाग में दूसरे दिन 51 चिकित्सकों के तबादले किए गए हैं। साथ ही डॉ. रश्मि पंत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है।

यह कार्यवाही उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम, 2017 के अंतर्गत की गई है। स्थानांतरण की यह प्रक्रिया शासन स्तर पर गठित स्थानांतरण समिति की संस्तुति और विभागीय समीक्षा के आधार पर की गई, जिसमें समूह–क के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (पीएमएचएस संवर्ग) को शामिल किया गया है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया चिकित्सकों के स्थानांतरण में पारदर्शिता, सेवा संतुलन और राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता को ध्यान में रखा गया है। हमारा प्रयास है कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो, ताकि वहां की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानांतरण केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि मानव संसाधन प्रबंधन का रणनीतिक हिस्सा है। जो चिकित्सक लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत थे, उन्हें अब ऐसे क्षेत्रों में भेजा गया है जहां उनकी सेवाओं की तत्काल आवश्यकता है।

## सुरिंदर सिंह सुखीजा को 75वें जन्मदिन सम्मानित किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सुरिंदर सिंह सुखीजा के 75वें जन्मदिन का जश्न उनके निवास पर मनाया गया।

इस अवसर पर सतीश घई, उप महासचिव सीबीआरओए, चेन्नई में एआईबीपीएआरसी की बैठक के कारण उपस्थित नहीं हो सके, विजय कथूरिया ने अन्य सीबीआरओए सदस्यों के साथ उनकी शुभकामनाएं पहुंचाईं। कैनरा बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारियों के मित्रों ने इस अवसर पर भाग लिया और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर केंद्रीय समिति के सदस्य विजय कथूरिया (सीबीआरओए), अशोक सिंघल, के. के. सूद, सी. एम. गौड़, आर के वाधेरा, आई. एस. परमार, लक्ष्मण प्रसाद, बोम्पाल आरपीएस बागड़ी, एचएस रोटेलिया, बीडी खंडूरी,



सुरिंदर सिंह सुखीजा को सम्मानित करते हुए।

बीएस गोसाई और श्याम अरोड़ा आदि उपस्थित थे। हम उनके सुखी जीवन, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

श्री सुखीजा 1974 में बैंक में शामिल हुए और 20 वर्षों की सेवा के बाद वीआरएस लेकर अपना व्यवसाय शुरू किया। सीबीआरओए प्रणाली के तहत, उन्हें बुके, गारलैंड, मोमेंटो और सीबीआरओए 75 वर्ष की आयु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सुरिंदर सिंह सुखीजा ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया जिन्होंने जन्मदिन समारोह में भाग लिया।

## गुरूद्वारा आढ़त बाजार में श्रद्धापूर्वक मनाया गया साहिब श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब का प्रकाश पर्व

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार में आयोजित कार्यक्रम में नितनेम के पश्चात भाई नरेंद्र सिंह ने आसा की वार का 'जमिआ पुत भगत गोविन्द की प्रगटिया सब मैं लिखिया धुर का' शब्द गायन किया।

हेड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने कहा कि गुरु हरगोबिंद साहिब का जीवन एक बड़े योद्धा के रूप में व परोपकारी वाला रहा है मीरी–पीरी की दो तलवारें पहन कर गुरु जी ने धर्म और राजनीति का सुमेल किया।भाई वीरेंद्रजीत सिंह गुरुद्वारा दमदमा साहिब जी प्रेमनगर देहरादून





गुरु हरगोबिन्द साहिब के प्रकाश पर्व पूजा–अर्चना करते हुए।

वालो ने शब्द "पंज प्याले पंज पीर छटम पीर बैठा गुर भारी" गायन किया। महासचिव गुलजार के द्वारा इस अवसर पर संगतों को 22 जून 2025 को मनाये समागमों की जानकारी देते हुए बेनती की कि इसी प्रकार परिवारों सहित आने वाले समागमों में हाजिरी भर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें।

प्रधान स. गुरबखश सिंह राजन ने संगत को प्रकाश की बधाई दी व संगतों को सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विशेष तौर पर विश्वास डाबर राज्यमंत्री व विशाल गुप्ता प्रांति अध्यक्ष गुरु महाराज जी का आशीर्वाद लेने पहुँचे, प्रबंध समिति द्वारा उन्हें शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। पंजाबी महासभा से विशेष तौर पर स.पी.एस. कोचर, राजीव सचर व गोविन्द मोहन गुरु साहिब जी का आशीर्वाद लेने पहुँचे,जिन्हें सिरोपा भेंट किया गया। बीबी भानी इस्त्री सत्संग सभा के समूह मेम्बरान को उनकी सेवाओं के लिए सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

मंच का संचालन दविंदर सिंह भसीन ने करते हुए बताया कि कल सुबह 9रू30 बजे से गुरमुखी सिखलाईं हेतु विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा जिसका लाभ संगतों द्वारा उठाया जा सकता है साथ ही 22 जुन 2025 को होने वाले विशेष कथा कीर्तन समागमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते संगतों को सुचित किया कि इस साल यह समागम गुरुद्वारा नानक निवास लिटन रोड में किया जाएगा।

# राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ने उत्तराखण्ड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों संग महिला सुरक्षा पर की समीक्षा बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने सरदार पटेल भवन स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में महिलाओं की सुरक्षा और समन्वित प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन ए.पी. अंशुमान, समस्त पुलिस महानिरीक्षकगण, अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गयी। सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्ति की। ममता वोहरा, पुलिस अधीक्षक, पी/एम, एवं महिला सुरक्षा द्वारा माननीय अध्यक्षा महोदया को एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण के माध्यम से राज्य में महिला सुरक्षा को लेकर उठाए गए प्रमुख कदमों, नवाचारों, जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियानों, हेल्पलाइन सेवाओं, महिला प्रकोष्ठों की कार्यप्रणाली तथा पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, त्वरित विवेचना, पीड़िता–केंद्रित दृष्टिकोण एवं संवेदनशील पुलिसिंग को लेकर उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही की राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर द्वारा सराहना की गई। उन्होंने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और अधिक जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने महिला सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित चर्चा करते हुए विशेष रूप से नए आपराधिक कानूनों, साइबर अपराध, मानव तस्करी तथा थानों में स्थापित महिला हेल्पडेस्क पर कार्यरत कार्मिकों के संवेदनशील व्यवहार हेतु समुचित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आयोग द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड पुलिस के अधिकारियों व कार्मिकों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस को समाज के साथ जुड़कर कार्य करना चाहिए और जनपदों में स्थापित महिला प्रकोष्ठों द्वारा काउंसलिंग के दौरान आयोग के पास उपलब्ध प्रशिक्षित काउंसलर्स की सहायता ली जा सकती है। इसके अतिरिक्त पीड़ित महिला को मानसिक आघात व अवसाद से बाहर लाने हेतु आवश्यकतानुसार मनोवैज्ञानिक सहायता भी प्रदान की जानी चाहिए।



राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर बैठक लेते हुए।

## 14 लाख की स्मैक के साथ महिला गैंगस्टर गिरफ्तार

**देहरादून।** पुलिस ने 14 लाख रूपये की स्मैक व 55 हजार रूपये की नगदी के साथ महिला गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। हिस्ट्रीशीटर सहित 11 मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने–अपने क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करीधबिक्री में लिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में डोईवाला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चलाये जा रहे तलाशी अभियान के दौरान मिली सूचना पर दूधली रोड, नैन्सी स्कूल के पास से महिला सोनी पत्नी स्व. प्रदीप कुमार को 48 ग्राम अवैध स्मैक (जिसकी अनुमानित कीमत 14 लाख रूपये है) तथा अवैध स्मैक की बिक्री से अर्जित किये गये 55600 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिला के विरुद्ध कोतवाली डोईवाला पर एनडीपीएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।



विमान हादसे के दिवंगतों को श्रद्धांजलि देते शिवसैनिक।

## विमान हादसे के मृतकों को शिवसेना ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** शिवसेना मुख्यालय उत्तराखंड द्वारा अहमदाबाद विमान दुर्घटना मे दिवंगत आत्माओ की शान्ति के लिए श्रद्धांजली सभा आयोजित कि गयी शिवसेना परिवार द्वारा मृतकों की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया एंव दीप दान कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। शिवसेना प्रमुख गौरव कुमार ने कहा कि कल गुजरात के अहमदाबाद मे हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया पूरा देश इस भीषण दुर्घटना से दुखी, निशब्द एवं स्तब्ध है उन्होंने कहा के शिवसेना परिवार दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करता है एंव पीड़ित परिजनों को इस अपार दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है साथ ही इस भयावह दुर्घटना में घायल हुए सभी व्यक्तियों की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है।

## पालीहाउस निर्माण के कार्य को प्राथमिकता पर किया जाए:जोशी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शुक्रवार को देहरादून के न्यू कैंट स्थित शासकीय आवास में प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित नाबार्ड की आरआईडीएफ योजनान्तर्गत क्लस्टर आधारित छोटे पॉलीहाउस में सब्जी एवं फूलों की खेती योजना की समीक्षा की। बैठक में कृषि सचिव डा0 एस0एन0 पाण्डे, और महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान उपस्थित रहे।


मंत्री गणेश जोशी बैठक लेते हुए।

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नाबार्ड योजना के तहत छोटे पॉलीहाउसों की स्थापना में गति लायी जाए और जिन कृषकों द्वारा कृषकांश की धनराशि जमा करा दी गयी है, उनके प्रक्षेत्रों पर प्राथमिकता के आधार पर पॉलीहाउसों की स्थापना करायी जाय। उन्होंने इस बावत कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश जारी करने को कहा। बैठक में कृषि एवं उद्यान विभाग के महानिदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था (ब्रेथवेट एण्ड कम्पनी लिमिटेड) द्वारा गढ़वाल एवं कुमाऊ मण्डल के लिए अधिकृत फर्मों और कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ निरन्तर समीक्षा की जा रही है तथा उनके प्रतिनिधियों द्वारा पॉलीहाउस स्थापना में गति लाने का आश्वासन दिया गया है। नाबार्ड योजनान्तर्गत वर्तमान तक कुल 860 कृषकों द्वारा कृषकांश के रूप में रुपये 3.12 करोड़ की धनराशि उपलब्ध करायी गयी है।

# 'छोटे एवं मंझोले समाचार पत्रों के लिए बढ़ती चुनौतियां' विषय पर गोष्ठी आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** एसोसियेशन आफ स्माल एण्ड मीडियम न्यूज पेपर्स आफ इंडिया की उत्तराखंड इकाई द्वारा ''छोटे एवं मंझोले समाचार पत्रों के लिए बढ़ती चुनौतियां'' विषय पर आज परेड ग्राउंड स्थित हिंदी भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी का शुभारंभ डा. नीता कुकरेती, पूर्व उपाध्यक्ष, हिन्दी साहित्य समिति देहरादून द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से किया गया। अतिथियों के स्वागत उपरांत विषय पर चर्चा प्रारम्भ करते हुए एसोसियेशन की प्रदेश अध्यक्ष निशा रस्तोगी ने कहा कि आरएनआई द्वारा समाचार पत्रों का पंजीकरण व अन्य सभी कार्य भारतीय प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से करने की व्यवस्था प्रारम्भ की गई है परन्तु भारतीय प्रेस सेवा पोर्टल में कमियां होने के कारण समाचार पत्र प्रकाशकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सम्पादक दैनिक शिखर संदेश, पर्वतीय सम्पादक परिषद के अध्यक्ष एवं एसोसियेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य आई.पी. उनियाल ने स्माल एवं मीडियम समाचार पत्रों के संचालन में आने वाली कठिनाइयां का विस्तार से उल्लेख करते हुए उनके निवारण हेतु प्रयास करने की अपेक्षा की। वरिष्ठ पत्रकार इन्द्रदेव रतूड़ी ने भी प्रकाशकों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का उल्लेख करते हुए अनुरोध किया कि पत्रकारों के सभी संगठनों को संयुक्त रूप से संघर्ष कर समस्याओं का निवारण करने के प्रयास करने चाहिए।

वरिष्ठ पत्रकार एवं देवभूमि पत्रकार यूनियन उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री बी0डी0 शर्मा ने कहा कि आरएनआई द्वारा छोटे व मंझोले समाचार पत्रों का गला दबाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। एक ओर इलेक्ट्रोनिक चैनल, पोर्टल एवं सोशल मीडिया के कारण पहले ही छोटे व मंझोले समाचार पत्रों के प्रकाशन में कठिनाइयां बढ़ रही हैं दूसरी ओर आरएनआई द्वारा दिन प्रतिदिन नये नये प्रतिबन्ध लगाकर छोटे समाचार पत्रों के समक्ष परेशानियां खड़ी की जा रही हैं। कार्यक्रम में अध्यक्षीय सम्बोधन करते हुए एसोसियेशन आफ स्माल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष के0डी0 चन्दोला ने कहा कि आरएनआई के भारतीय प्रेस सेवा पोर्टल में अनेक कमियां होने के कारण सभी प्रकाशकों के समक्ष कठिनाइयां आ रही है जिसके कारण उन्होंने आरएनआई से अनुरोध किया है कि पोर्टल के संचालन हेतु प्रदेश स्तर पर वर्कशाप का आयोजन कर प्रकाशकों, सम्पादकों को उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए।

कार्यक्रम में राजेश डोभाल ने राष्ट्रभक्ति का गीत प्रस्तुत किया। बी0एस0 नेगी ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए एसोसियेशन के प्रान्तीय महामंत्री एस0सी0 भटनागर ने सभी अतिथियों व सभागार में उपस्थित समस्त सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

14 June 2025_Copy of Layout 1 6/14/2025 2:01 PM Page 5



# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्मिकों को किया सम्मानित

**नैनीताल/देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के डीएसबी परिसर में निदेशकों एवं संकायाध्यक्षों के साथ बैठक कर विभिन्न संकायों में चल रही अकादमिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की।

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों एवं निदेशकों द्वारा अपने–अपने विभागों में संचालित शोध, नवाचार, परियोजनाओं, चुनौतियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया गया। राज्यपाल ने सभी संकायों में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को छोटी–छोटी उपलब्धियों से संतुष्ट न होकर, उच्च गुणवत्ता एवं नवाचार के माध्यम से निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय की एक विशिष्ट पहचान है, जिसे और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि यहां के स्वंय सहायता समूह बेहतरीन उत्पाद तैयार कर रहे हैं, जिन्हें बाजार से जोड़ने के लिए हैंड–होल्डिंग और तकनीकी सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए ई–कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग पर केंद्रित विशेष सेमिनार आयोजित किए जाएं। उन्होंने उत्तराखण्ड में मशरूम, कीवी, शहद, अरोमा इत्यादि क्षेत्रों की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय को इन क्षेत्रों में अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने का सुझाव भी दिया।



निदेशकों एवं संकायाध्यक्षों के साथ बैठक करते राज्यपाल।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर को तम्बाकू मुक्त बनाए रखने के लिए परिसर निदेशक की सराहना की। उन्होंने कहा कि शोध एवं नवाचार की दिशा में विश्वविद्यालय में हो रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है और इसके लिए कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की टीम भावना की विशेष प्रशंसा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत, मुख्य कुलानुशासक प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. सावित्री कैरा, डॉ. महेंद्र राणा, डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला एवं श्री पंकज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के न्यूज लेटर 'विमर्श' का विमोचन भी राज्यपाल द्वारा किया गया। इससे पहले राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर, स्थित नैनो साइंस एवं भूविज्ञान विभाग का भ्रमण किया।

## कैंची धाम बाईपास की सारी आपत्तियां हुई दूर, गुलाब घाटी हेतु वन भूमि उपलब्ध

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व सांसद नैनीताल उधम सिंह नगर अजय भट्ट ने बताया कि कैंची धाम बाईपास की सभी आपत्तियां दूर हो गई है।

19 किलोमीटर के बाईपास में 8 किमी निर्माण कार्य पूर्व में पूरा हो चुका है और अवशेष 11 किलोमीटर का निर्माण कार्य होना है, जिसमें पहाड़ कटान की निविदा भी आमंत्रित कर दी गई है निर्माण कार्य की लागत 450 लाख है, जिसे तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में पहाड़ कटान एवं 70 मीटर सेतु निर्माण, द्वितीय चरण में दीवार कलमठ निर्माण, तृतीय चरण में डामरीकरण का कार्य होगा। जुलाई माह से कार्य प्रारंभ होकर 18 महीने में पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा अजय भट्ट ने कहा कि काठगोदाम से अमृतपुर बैंड तक का बाईपास का निर्माण कार्य के लिए पूर्व में वन भूमि हस्तांतरण प्रताव में नोडल कार्यालय वन संरक्षक देहरादून द्वारा क्षति पूरक वृक्षा रोपण हेतु आपत्ति लगाई गई थी।

## बाल व्यास कपिल देव महाराज को आंचल दुग्ध संघ में किया गया सम्मानित

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (आंचल) में सुप्रसिद्ध बाल व्यास कपिल देव महाराज का दुग्ध संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में तमाम अधिकारियों ने भव्य स्वागत के साथ–साथ उन्हें सम्मानित भी किया।

पहली बार दुग्ध संघ प्रांगण में पहुंचे बाल विकास कपिल देव महाराज का आंचल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, जो स्वयं महाराज के शिष्य हैं, ने भावुक होकर कहा, "आज का दिन मेरे जीवन का सौभाग्यशाली क्षण है। मेरे गुरु का इस परिसर में पदार्पण आंचल परिवार के लिए गौरव की बात है।" महाराज ने अध्यक्ष मुकेश बोरा और विपणन प्रभारी संजय भाकुनी को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने आंचल परिवार की उन्नति और प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य में योगदान के लिए विशेष रूप से प्रार्थना की। संचुरी पेपर मिल के विपणन प्रबंधक संजय भाकुनी, राजू रैक्वाल, दिनेश कुलौरा, कृष्णानंद बुग्याल, कमल बेलवाल, राहुल आर्य, बहादुर बिष्ट, गीता भट्ट और वैभवी भट्ट जिन्होंने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने एक स्वर में इसे षद्भाव, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अनुपम आगमन बताया। उन्होंने कहा कि "सच्चा सेवा भाव तभी पूर्ण होता है जब उसमें आत्मसमर्पण और जनहित की भावना हो।" इस अवसर पर उनके साथ पंडित अमित पंत, और वृद्ध जागेश्वर के पुरोहित भास्कर भट्ट भी मौजूद रहे।

## लालकुआं में बाईपास निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी लालकुआं मंडल के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा को लालकुआं में बाईपास का निर्माण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा, जिस पर उन्होंने अविलंब कार्यवाही का उन्हें आश्वासन दिया है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लालकुआं नगर में बाईपास निर्माण नितांत आवश्यक है, बाईपास निर्माण हेतु स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग है, और गत विधानसभा चुनाव के दौरान विजय संकल्प यात्रा में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा खटीमा में लालकुआं बाईपास निर्माण की सैद्धांतिक सहमति देने की बात कही थी, और इस प्रोजेक्ट के लिए 2300 करोड रुपए की



मंजूरी की थी, उन्होंने कहा कि 3 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है अभी तक बाईपास का निर्माण नहीं हो पाया है, भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि कुछ समय पूर्व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वार्ता कर लालकुआं बाईपास स्वीकृत करने का निवेदन किया था, और प्रधानमंत्री ने भी सैद्धांतिक स्वीकृति दी थी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केंद्रीय परिवहन एवं सड़क मंत्री नितिन गडकरी से भी इस बाईपास निर्माण का निवेदन कर चुके हैं, उन्होंने लालकुआं नगर की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लालकुआं बाईपास निर्माण करवाने की मांग की।

## डायट गौचर के कार्यालय सहायक देवेंद्र सिंह बिष्ट को पदोन्नति पर दी गई भावभीनी विदाई

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली गौचर में कार्यालय सहायक रहे देवेंद्र सिंह बिष्ट को पदोन्नति पर संस्थान परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।

देवेंद्र सिंह बिष्ट की पदोन्नति राजकीय इंटर कॉलेज जाख विकासखंड कर्णप्रयाग में कनिष्ठ सहायक के रूप में हुई है। देवेंद्र सिंह बिष्ट जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 25 वर्ष कार्यालय सहायक के रूप में कार्यरत रहे, अपने व्यवहार एवं कार्य कुशलता से वे संस्थान में सभी के प्रिय थे। संस्थान द्वारा दिए गए विदाई समारोह में अपनी बात रखते हुए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कहा कि बिष्ट ने पूरी एक पीढ़ी का समय संस्थान को दिया है वह एक निपुण कर्मचारी थे उन्हें जो भी कार्य दिया जाता था उसे वे पूरी कार्यकुशलता के साथ करते थे उन्होंने कई बार संस्थान को गौरवान्वित होने का कार्य भी किया था, हाल ही में गोवा में आयोजित सिविल सर्विसेज राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में बिष्ट द्वारा उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया गया था देवेंद्र बिष्ट के गुणों का हम सभी को अनुकरण करना चाहिए।



विदाई कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए पदोन्नति ले रहे कार्मिक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें 25 वर्ष इस प्रतिष्ठित संस्थान में कार्य करने का अवसर मिला उन्होंने यहां रहते हुए पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपने कार्य को अंजाम दिया। अपने गृह क्षेत्र में होने का उन्हें यह भी लाभ मिला कि वह कृष्णा गौ सेवा समिति से जुड़कर गौ सेवा के कार्य में भी संलग्न रहे हैं।

इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य रविन्द्र सिंह बर्त्वाल, योगेन्द्र सिंह बर्त्वाल, बीरेंद्र सिंह कठैत, डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र, बचन जितेला, सुबोध कुमार डिमरी, सुमन भट्ट नीतू सूद, श्रेया कंडारी, नंदन सिंह नेगी, रमेश सिंह, मुकेश राणा, मनोज धप्वाल, रघुवीर लाल मौजूद रहे। विदाई समारोह का संचालन डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

14 June 2025_Copy of Layout 1 6/14/2025 2:01 PM Page 6



# आपदा के दौरान रिस्पांस टाइम को बेहतर करें विभागः मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मानसून की तैयारियों के संबंध में सभी जनपदों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि में संभावित आपदाओं का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए सभी विभाग अपनी–अपनी तैयारियों को पुख्ता कर लें। यदि कुछ कार्य किए जाने शेष हैं तो समय पर उन्हें पूरा कर लें।



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

सचिवालय में आयोजित बैठक में दोनों मंडलों के आयुक्त तथा सभी जिलाधिकारियों ने बैठक में ऑनलाइन प्रतिभाग किया। मुख्य सचिव ने कहा कि आपदाओं का सामना करने में जहां आपदा पूर्व तैयारी महत्वपूर्ण है, वहीं त्वरित रिस्पांस टाइम भी बेहद जरूरी है। जितना बेहतर हमारा रिस्पांस टाइम होगा, उतना ही प्रभावी तरीके से हम आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्य करने तथा आम जनमानस को राहत पहुंचाने में सफल हो सकेंगे। उन्होंने आगामी मानसून सीजन के दौरान जलभराव की समस्या तथा अन्य आकस्मिकताओं से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल और चंपावत के जलभराव तथा बाढ़ प्रभावित इलाकों में मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए।

राज्य में चारधाम यात्रा भी चल रही है, ऐसे में सभी रेखीय विभागों का 24 घंटे अलर्ट पर रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव दल तथा विभिन्न विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आपदा की स्थिति में उनकी टीम त्वरित गति से मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए अपने–अपने कार्यों का निष्पादन करें। बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने आगामी मानसून सीजन को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग की तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में विभिन्न रेखीय विभागों के नोडल अधिकारियों की तैनाती हो गई है। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन निधि तथा राज्य सेक्टर से पुनर्निर्माण और पुनर्प्राप्ति कार्यों के लिए और राहत एवं बचाव कार्यों के लिए 162 करोड़ की धनराशि जनपदों को जारी कर दी गई है। तैयारी और क्षमता विकास मद में प्रति जनपद एक–एक करोड़ रुपये जारी किए जाने की कार्यवाही गतिमान है। विभिन्न विभागों को भी धनराशि आवंटित की गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि मानसून अवधि में बाढ़ और जलभराव का एक प्रमुख कारण है, नदियों में सिल्ट का अत्यधिक मात्रा में जमा हो जाना। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में नदियों की डिसिल्टिंग कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वन क्षेत्र में डिसिल्टिंग करने में जिन भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उनका शासन के साथ वार्ता कर समाधान निकालकर कार्यवाही की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि आपदा के बाद जन सामान्य को राहत पहुंचाना शासन–प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आपदा प्रभावितों को सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## बाइक पिकअप से टकराई, दो लोगों की मौत

**नैनीताल।** गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक के पिकअप से टकरा जाने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

मामला गौलापार क्षेत्र के कुंवरपुर बागजाला के समीप का है। यहां आज सुबह एक तेज रफ्तार बाइक और गैस सिलेंडर से भरी पिकअप वैन की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा ओवरटेक के प्रयास के दौरान हुआ, जब बाइक सवार अनियंत्रित होकर पिकअप की चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान 20 वर्षीय सुभान अंसारी, पुत्र रईस अहमद, निवासी बहेड़ी और 25 वर्षीय फिरोज, निवासी गिरधरपुर, बहेड़ी (बरेली) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आज सुबह दोनों बाइक से गौलापार की ओर जा रहे थे। कुंवरपुर बागजाला के पास ओवरटेक के दौरान उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही सिलेंडर लदी पिकअप से सीधा टकरा गई।

# अवैध कटान और वन कर्मियों पर फायर झोंकने का आरोपी दबोचा, पांच फरार

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रामनगर वन प्रभाग तराई के पश्चिमी वन प्रभाग में वन तस्करों ने वन कर्मियों पर फायरिंग की है। इस मामले में वन विभाग की टीम ने एक आरोपी को पकड़ने में कामयाब हासिल की है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना रामनगर तराई पश्चिमी के रामनगर रेंज के गुलजारपुर बीट के लॉट संख्या–03 की है। फायरिंग के बाद भी वन विभाग की टीम ने बहादुरी का परिचय देते हुए एक वन तस्कर को मौके पर दबोच लिया, जबकि उसका मुख्य सरगना और अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं मामले की जानकारी देते हुए तराई पश्चिमी के डीएफओ प्रकाश आर्या ने बताया कि रामनगर रेंज अंतर्गत गुलजारपुर बीट में नियमित गश्त के दौरान वन कर्मियों को आरी से पेड़ काटने की आवाज सुनाई दी। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जाकर देखा तो कुछ लोग अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे थे। आरोप है कि वनकर्मियों को देखते हुए लकड़ी तस्करों ने उन पर फायरिंग कर दी और वहां से भागने लगे। हालांकि वन कर्मियों ने हिम्मत दिखाते हुए एक तस्कर को पकड़ लिया।

वन विभाग की टीम की गिरफ्त में आए आरोपी का नाम मनजीत सिंह पुत्र गजन सिंह निवासी केलाखेड़ा बाजपुर बताया जा रहा है। डीएफओ ने बताया कि मनजीत के पास से एक देसी कट्टा 315 बोर, जिंदा कारतूस और लकड़ी काटने का आरा बरामद किया गया है।

# वाहन खाई में गिरा, एक व्यक्ति की मौत, चार लोग घायल

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पर्यटको का वाहन खाई में गिर जाने से जहां एक की मौत हो गयी वही चार अन्य लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम द्वारा सभी को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

सड़क दुर्घटना का यह मामला रामगढ़ रोड पर स्यामखेत के पास घटित हुआ है। जानकारी के अनुसार बीती देर रात एसडीआरएफ पोस्ट नैनीताल को आपदा प्रबंधन केंद्र, नैनीताल से सूचना प्राप्त हुई कि स्यामखेत, रामगढ़ रोड पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर पहुंच कर पता चला कि उक्त वाहन में



घायलों को खाई से निकालते हुए।

पांच लोग सवार थे। जिनमें से तीन व्यक्तियों को सामान्य चोटें आई थी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था तथा एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बहरहाल टीम ने गहरी खाई में उतरकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन तक पहुंच बनाई। रात्रि के घनघोर अंधेरे व विषम परिस्थितियों के चलते कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को खाई से निकालकर स्ट्रैचर के माध्यम से मुख्य मार्ग तक लाया गया तथा एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया एवं मृतक के शव को खाई से निकालकर अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला पुलिस को सुपुर्द किया गया।

# उधमसिंहनगर में पुलिस ने साईबर धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड शैलेंद्र उर्फ शेरू को गिरफ्तार किया

**ऊधमसिंहनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पुलिस ने साईबर धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड शैलेंद्र उर्फ शेरू को गिरफ्तार किया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप, रुद्रपुर कोतवाली में दर्ज एक बड़े साइबर धोखाधड़ी मामले के मुख्य वांछित शैलेंद्र उर्फ शेरू चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है।



घटना का खुलासा करते पुलिस।

यह गिरफ्तारी 29 मई, 2025 को मुकदमें में धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी है, जिसमें हरबंस लाल, निवासी शांति कॉलोनी, रुद्रपुर के पेटीएम खाते से 54,999 रुपये की अवैध निकासी की गई थी। इस राशि को देश के अलग–अलग राज्यों में स्थित बैंकों के खातों में स्थानांतरित किया गया था, जिससे इस अपराध के अंतरराज्यीय स्वरूप का खुलासा हुआ था। इस मामले में रुद्रपुर पुलिस ने पहले ही छह शातिर लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनमें प्रशांत कुमार, विजय कुमार, आकाश कुमार, मोहित कुमार, विशाल कुमार और अंकुर कुमार शामिल थे, जो सभी बरेली, उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों से संबंधित थे। इन गिरफ्तारियों के बाद भी, शैलेंद्र उर्फ शेरू चौहान सहित तीन अन्य आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी। शैलेंद्र की तलाश में जुटी कोतवाली रुद्रपुर और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अत्याधुनिक तकनीकी सहायता का सहारा लिया। आरोपी के विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स की गहनता से पड़ताल की गई। इंस्टाग्राम पर उसकी प्रोफाइल मिलने के बाद, जांच टीम ने पिछले सात वर्षों की सभी पोस्ट्स का बारीकी से विश्लेषण किया। इस विश्लेषण ने ही आरोपी के ग्वालियर, मध्य प्रदेश से गहरे जुड़ाव को उजागर किया। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीरें आरोपी की जीवनशैली और आवाजाही के महत्वपूर्ण सुराग प्रदान कर रही थीं। वह अक्सर ग्वालियर या उसके आसपास के शोरूम्स, मॉल्स, रिसॉर्ट्स और होटलों से तस्वीरें साझा करता था।

14 June 2025_Copy of Layout 1 6/14/2025 2:01 PM Page 7



# प्रदेश के लिए मेडल जीतते ही नौकरी तैयार मिलेगीः रेखा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने शुक्रवार को परेड ग्राउंड के मल्टीपरपज हॉल में चल रही चौथी किओ नेशनल कराटे चौंपियनशिप के पदक विजेताओं को मेडल पहनकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने बीते माह उज्बेकिस्तान में देश के लिए मेडल जीतने वाले तीन खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया।

परेड ग्राउंड के मल्टीपरपज हॉल में चल रही इस प्रतियोगिता में देश के कुल 32 राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 38 वें राष्ट्रीय खेल और उसके बाद से देश भर से जितने भी खिलाड़ी उत्तराखंड आए हैं उन सभी ने यहां की खेल सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बताया। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का भी मेजबान बन रहा है जो प्रदेश के हर नागरिक के लिए गौरव का विषय है। खेल मंत्री ने कहा कि अब खिलाड़ी को अपने करियर की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, वह जैसे ही प्रदेश के लिए पदक जीत कर लाएंगे, सरकारी नौकरी उनकी प्रतीक्षा करती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, एशियाड और कॉमनवेल्थ गेम में पदक जीतने पर नौकरी में रिजर्वेशन ज्यादातर राज्यों में दिया जाता है, लेकिन उत्तराखंड में अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं को भी आरक्षण के दायरे में लाया गया है। खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी दूसरे प्रोफेशन में उनका नाम और यश एक सीमित दायरे में ही रहता है लेकिन अगर वें एक खिलाड़ी के तौर पर नाम कमाते हैं तो उनकी कीर्ति किसी भी सीमा की मोहताज नहीं रहती। खिलाड़ी पूरे विश्व के युवाओं का आदर्श बन जाता है।



मंत्री रेख आर्या विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने 23 से 25 मई तक उज्बेकिस्तान में आयोजित एशियाई कराटे चौंपियनशिप में भारत के लिए पदक जीतने वाले तरुण शर्मा, अलीशा और भुवनेश्वरी जाधव को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष भारत शर्मा, महासचिव संजीव जांगड़ा, आयोजन समिति अध्यक्ष अजय अग्रवाल, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश ममगई, प्रभारी जिला खेल अधिकारी रविंद्र भंडारी आदि उपस्थित रहे।

## 15 जून से हरिद्वार में आयोजित होगा चार दिवसीय किसान महाकुंभ

**हरिद्वार।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) चार दिवसीय महाकुम्भ का आयोजन करने जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) चार दिवसीय महाकुम्भ 15 जून से 18 जून तक हरिद्वार में होगा. जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी ने बताया 15 जून से शुरू होने जा रहे चार दिवसीय महाकुम्भ में तीन राज्यों के किसानों सहित पूरे देश के किसान नेता शामिल होंगे। ये सभी किसान नेता अपने अपने राज्यो में राज्य सरकारों द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा करेंगे. साथ ही केंद्र सरकार से एमएसपी और फसल के दाम बढ़ाये जाने पर भी चर्चा होगी।

उन्होंने कहा जिस प्रकार से महंगाई बढ़ी है उनके अनुसार किसानों की फसल के दाम नहीं बढ़े हैं। ऐसे में सरकार को किसानों को दिए जाने वाले 2000 हजार रुपए को बढ़ाया जाना चाहिये।

# निर्वाचन आयोग की टीम ने बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सोमवार को चमोली तहसील में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

इस दौरान आयोग के अवर सचिव श्री दिलीप महतो की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां आयोग के 8 सदस्यीय दल की ओर से दूरस्थ मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर चुनाव संबंधी तैयारियों, आधारभूत सुविधाओं और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की गयी।

इस अवसर पर अवर सचिव ने बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और बीएलओ सुपरवाइजरों को आगामी निर्वाचन कार्यों के संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन और ट्रांसफर की प्रक्रिया, दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा तथा ई–पंजीकरण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

अवर सचिव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जाए और घर–घर जाकर सत्यापन कार्य में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए क्षेत्रीय कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो, और कोई पात्र मतदाता वंचित न रह जाए।

# कामर्शियल संस्थानों के बेसमेंट पार्किंग का शत-प्रतिशत उपयोग कराना सुनिश्चित करें: मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित बैठक में जिला प्रशासन देहरादून तथा संबंधित विभागों द्वारा देहरादून शहर को व्यवस्थित और अधिक गतिशील बनाने से संबंधित शहर के मोबिलिटी प्लान को प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने शहर के मोबिलिटी प्लान से संबंधित कार्यों में अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया तथा शहर की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भविष्य में किए जाने वाले कार्यों तथा दूरगामी प्लान से भी अवगत कराया। मुख्य सचिव ने इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी कमर्शियल संस्थाओं की बेसमेंट पार्किंग का शत – प्रतिशत उपयोग कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए की जो भी संस्थान बेसमेंट में पार्किंग नहीं कराते उन पर सख्त एनफोर्समेंट की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।



मुख्य सचिव आनंद बर्धन बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

मुख्य सचिव ने शहर में सड़क और जंक्शन इंप्रूवमेंट के कार्यों में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, एमडीडीए, नगर निगम, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, उत्तराखंड जल संस्थान व जल निगम सभी विभागों को आपसी समन्वय से देहरादून शहर को अधिक गतिशील और सुव्यवस्थित बनाने के लिए स्पष्ट रोड मैप तैयार करने को कहा तथा प्रत्येक कार्यों को पूरा करने के लिए टाइमलाइन का निर्धारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# स्टेबल मनी ने इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी की फंडामेंटम पार्टनरशिप से 173 करोड़ रुपए जुटाए

**9.1: तक ब्याज, तुरंत निकासी, सेविंग्स अकाउंट की जरूरत नहीं और आरबीआई समर्थित डीआईसीजीसी बीमा ₹5 लाख तक जैसी सुविधाएं उपलब्ध**

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत का पहला डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश प्लेटफॉर्म स्टेबल मनी ने सीरीज बी फंडिंग राउंड में 173 रुपए करोड़ जुटाए हैं। इस निवेश का नेतृत्व फंडामेंटम पार्टनरशिप ने किया, जिसकी स्थापना इन्फोसिस के सह–संस्थापक और आधार के शिल्पकार नंदन नीलकेणी ने की है।

आदित्य बिड़ला वेंचर्स ने भी इस राउंड में भाग लिया, वहीं जी47, आरटीपी ग्लोबल और लाइटस्पीड जैसे मौजूदा निवेशकों ने दोबारा निवेश कर प्लेटफॉर्म में अपना भरोसा जताया। यह फंडिंग स्टेबल मनी की बड़ी सीरीज ए राउंड के महज दस महीने बाद आई है, जो इसके तेज विकास और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाती है।

स्टेबल मनी कई फिक्स्ड इनकम निवेश विकल्प प्रदान करता हैकृजैसे कि 9.1 प्रतिशत तक ब्याज देने वाली फिक्स्ड डिपॉजिट्स, एफडी–समर्थित सुरक्षित क्रेडिट कार्ड, और स्टेबल बॉन्ड्स (स्टेबल ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित)। यूजर्स 200 से अधिक बैंकों की एफडी दरों की तुलना कर सकते हैं, 3 मिनट से भी कम समय में एफडी बुक कर सकते हैं, 7–दिन की ट्रायल एफडी आजमा सकते हैं और बिना कोई बचत खाता खोले तत्काल निकासी कर सकते हैं। 2022 में लॉन्च होने के बाद से, स्टेबल मनी ने अब तक देशभर में 20 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं को जोड़ा है और इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट ₹3,000 करोड़ के पार जा चुका है। उत्तराखंड में भी करीब 25,000 उपयोगकर्ता स्टेबल मनी के साथ सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश कर रहे हैं। भारत में फिक्स्ड डिपॉजिट्स सबसे अधिक भरोसेमंद वित्तीय साधनों में गिनी जाती हैंकृ वर्तमान में 23 करोड़ से अधिक लोगों के पास एफडी हैं। यह सेक्टर हर साल लगभग 12: की दर से बढ़ रहा है। उत्तराखंड में भी इसका दायरा बेहद बड़ा हैकृयहां 40 लाख से अधिक एफडी मौजूद हैं, जिनमें कुल जमा राशि 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक है (आरबीआई के अनुसार)। बावजूद इसके, देश में 94 प्रतिशत एफडी पर 8 प्रतिशत से कम ब्याज मिल रहा हैकृयह एक बड़ी खाई दर्शाता है, जिसे स्टेबल मनी भरना चाहता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, स्टेबल मनी देश के कई प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंकों, एनबीएफसी और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के साथ साझेदारी करता है, जो देश में सबसे अधिक एफडी दरें प्रदान करते हैं। सभी निवेश 100: डिजिटल माध्यम से होते हैं और प्रत्येक उपयोगकर्ता को प्रति बैंक ₹5 लाख तक का बीमा सुरक्षा कवर मिलता है, जो डीआईसीजीसी (भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक संस्था) द्वारा प्रदान किया जाता है।

14 June 2025_Copy of Layout 1 6/14/2025 2:01 PM Page 8



# मंत्री जोशी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से किया संवाद

**रुद्रपुर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने जनपद ऊधमसिंह नगर के विकासखंड रुद्रपुर की ग्राम पंचायत शांतिपुरी में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में किसानों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब किसान सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में अभियान से जुड़ने की अपील की और कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विविध योजनाओं पर तेजी से काम कर रही है।

सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री के नेतृत्व में आयोजित विकसित कृषि



संकल्प अभियान के तहत कृषक बन्धुओ को उनके द्वार आकर कृषि से सम्बन्धित योजनाओं एवं कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है ताकि कृषक उन्नत बीजों के साथ ही कृषि के नये तकनीको को अपनाकर लाभ उठा सकें व अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकें।

कृषि मंत्री ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। देश के प्रधानमंत्री जितनी सैनिकों की चिन्ता करते है उतना ही हमारे किसानो का सम्मान व चिंता करते है। किसान हमारा अन्नदाता है। किसानों की आर्थिकी मजबूत होगी तो देश मजबूत होगा। उन्होने कहा विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत 06 हजार से अधिक कृषि वैज्ञानिक कृषक बंधुओं के बीच जाकर उन्हे जागरूक कर रहे है व उन्हे नयी कृषि तकनीकों की जानकारी दे रहे है। उन्होने कहा सरकार द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि, मृदा परीक्षण, कृषि यंत्रो व उर्वरकों में राज्य सहायता प्रदान कर रही है। उन्होने कहा कृषक अपने भूमि का मृदा परीक्षण अवश्य कराये उसी के अनुसार उत्पादन करे व उर्वकों का उपयोग करें। उन्होने कहा सरकार जनता के द्वार जाकर योजना का लाभ पहुंचा रही है व नवाचार की जानकारी दे रही है। इसलिए कृषक बन्धु जागरूक होकर व कृषि के नयी कृषि तकनीकों व नवाचारों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाये व अपनी आर्थिकी मजबूत करें।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि मैदानी क्षेत्रों में सनई की हरी खाद की फसलों को मई माह में बुआई करके 45 से 60 दिन बाद रोपाई से पूर्व खेतों में मिलाने से 80 से 100 किग्रा नाईट्रोजन प्रति हैक्टयर की बचत की जा सकती है। इसके अलावा सिंचित क्षेत्र में जहॉ खेत में प्रायः पानी रहता हो वहा जैव उर्वरक–नील हरित शैवाल का प्रयोगकर नाईट्रोजन वाली उर्वरकों की बचत की जा सकती है। कार्यक्रम में किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा कृषकों को सम्बोधित किया गया। रेखीय विभागों द्वारा कृषक बन्धुओं की योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गयी व खरीफ मौसम की उन्नत उत्पादन तकनीक एवं विभागीय योजनाओं सम्बन्धित पुस्तिका का वितरण किया गया। आयोजन में लगभग 300 किसान बन्धुओं ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठि में कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, डेरी, मत्स्य, रेशम, फल प्रसंस्करण, रीप, स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाकर जानकारियां दी गयी। कार्यक्रम में कुलपति पंतनगर विश्वविद्यालय डॉ0 मनमोहन सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व प्रधान किशन कोरंगा, प्रीतम कोरंगा, मोहन सिंह कोरंगा, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 अभय सक्सेना, सहायक निदेशक डेरी आरएस चौहान सहित पूर्व सैनिक व किसान उपस्थित रहे।

## टैया पुल के पास पहाड़ी से बाईक पर पत्थर गिरने से दो लोगों की मौत

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर टैया पुल के समीप पहाड़ी से मोटर साईकिल पर पत्थर गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार देर शाम थानाध्यक्ष गोविन्द घाट को सूचना मिली कि टैया पुल के पास एक मोटर साइकिल पर पत्थर गिरने से मोटर साइकिल सवार दो युवक खाई में गिर गए है। सूचना मिलते ही थाना गोविंदघाट से पुलिस बल, एसडीआरएफ के साथ गुरुद्वारा 108 एंबुलेंस, मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। दोनों घायलों का रेसक्यू कर उन्हें उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।



प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह 6 साथी 3 बाइको से बद्रीनाथ से वापस लौट रहे थे कि अचानक उनके साथी की मोटर साइकिल में पहाड़ी से पत्थर गिर गया। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। शवों के पंचायतनामा व आवश्यक कार्यवाही जारी है। मृतक की पहचान सचिन कुमार पुत्र सोमप्रकाश ग्राम संदली थाना जटलाना जिला हरियाणा उम्र 30, तथा रवि कुमार पुत्र कवरपाल कस्बा व थाना जटलाना जिला यमुनानगर हरियाणा उम्र 26 के रूप में हुई।

## युवक को पेड़ से बाधंकर पिटाई करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**हरिद्वार।** युवक को पेड़ से बांधकर पिटाई करना तीन लोगों को भारी पड़ गया। मामले का वीडियों वायरल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक को पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित पर लीची के बाग से लीची चोरी करने के आरोप में उसकी पेड़ से बाधंकर पिटाई की गई। पकड़े गए आरोपितों के नाम माजिद, इरफान व कैफ निवासी मौहल्ला इस्लामनगर मंगलौर हरिद्वार बताए।

## न्यूज डायरी

### डायट गौचर में प्रसिद्ध नरभक्षी बाघ शिकारी लखपत रावत ने डीएलएड प्रशिक्षुओं को सिखाऐ बचाव के तरीके



**चमोली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर चमोली में उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध नरभक्षी बाघ शिकारी लखपत सिंह रावत ने डी० एल० एड० प्रशिक्षुओं को नरभक्षी बाघ से व्यवहार एवं बचाव के तरीके सिखाऐ गये। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली में प्राचार्य आकाश सारस्वत के निर्देशन में आयोजित संगोष्ठी में उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध नरभक्षी बाघ शिकारी लखपत सिंह रावत ने डी० एल०एड० प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों को नरभक्षी बाघ से व्यवहार एवं बचाव के अनेक तरीके सिखाये। उन्होंने कहा कि जब वे एक नरभक्षी का शिकार करते हैं तो वे 10 सामान्य बाघों की जान बचाते हैं।उनका उद्देश्य मासूम बच्चों की जान बचाना है, जबकि उन्हें बाघ मारने पर बहुत कष्ट होता है। लखपत सिंह रावत ने मार्च 2002 से अबतक 55 नरभक्षी बाघ मारकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। साथ ही इनके नाम एक वर्ष में 12 आदमखोर बाघ मारने का भी रिकॉर्ड है। इस अवसर पर डायट प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कहा कि नरभक्षी बाघों से बचाव एवं व्यवहार के तरीके संबंधी जागरूकता डी० एल० एड० प्रशिक्षुओं के माध्यम से उत्तराखण्ड के समस्त जनपदों तक फैलेगी।

## छोटे-छोटे काम के लिए कंसल्टेंसी सर्विसेज लेने से बचें: मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने निर्देशित किया कि बड़े और मेजर कार्यों को छोड़कर छोटे–छोटे काम के लिए कंसल्टेंसी सर्विसेज लेने से बचें।

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में एशियाई विकास बैंक सहायतित टिहरी झील एरिया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक द्वारा टिहरी झील एरिया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट से संबंधित चौथी एचपीसी बैठक के निर्देशों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गईय साथ ही वर्तमान में गतिमान 19 उप प्रोजेक्ट की स्टेटस रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। मुख्य सचिव ने गतिमान निविदा प्रक्रिया से संबंधित प्रकरणों एवं उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने टिहरी लेक एरिया डेवलपमेंट के कार्यों टूरिज्म रोड, डेवलपमेंट आफ डोबरा चांटी पार्क, अपग्रेडेशन ऑफ तिवाड़ गांव, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इत्यादि की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए संतोष व्यक्त किया और तेजी से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में किसी भी प्रोजेक्ट का कंपलीट ग्राउंड सर्वे करने के पश्चात ही डीपीआर तैयार करें ताकि प्रोजेक्ट के सभी पहलू सम्मिलित हो जाए और प्रोजेक्ट की बाद में लागत में बढ़ोतरी की संभावना भी ना रहे। प्रोजेक्ट्स उप प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि कार्य पूरा होने के पश्चात उसका नियमित तरीके से बेहतर संचालन भी होता रहे। मुख्य सचिव ने टिहरी एरिया के डेवलपमेंट से संबंधित अब तक विभिन्न एजेंसी द्वारा समयकृसमय पर किए गए कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सचिव पर्यटन को टिहरी झील और उसके आसपास के क्षेत्र को वर्ल्ड लेवल का टूरिस्ट हब डेस्टिनेशन बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## पेज 01 का शेष...

### भारत सरकार निर्देशित सुधार कार्यक्रमों को तेजी से लागू करें: मुख्य सचिव आंनद बर्धन

उन्होंने परिवहन विभाग को ईवी द्वारा ओल्ड व्हीकल के प्रतिस्थापन, प्रदूषण रहित वाहन को बढ़ावा देने तथा सड़क सुरक्षा और नियंत्रण हेतु इलेक्ट्रॉनिक एनफोर्समेंट डिवाइसेज के उपयोग (ई–चालान जनरेशन, ऑनलाइन ई–चालान डिस्पोजल तथा ऑनलाइन ट्रैफिक मैनेजमेंट इत्यादि) से संबंधित सुधारात्मक कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग और संबंधित विभागों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लैंड रिफॉर्म (लैंड रिकॉर्ड के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण) के कार्यों को तेजी से पूरा करने को निर्देशित किया। कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे, वन कृषक आईडी तथा रेवेन्यू कोर्ट का डिजिटलीकरण इत्यादि का कार्य तेजी से पूरा करें। उन्होंने वित्त और नियोजन विभाग को वित्तीय मैनेजमेंट का आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण और उसको पारदर्शी प्रक्रिया में लाने से संबंधित कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने को निर्देशित किया।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19